राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(21)(1)RSSB/अर्थना/कृषि/अन्वेषक/पात्रता जांच/2019/881 दिनांकः 12.8.202

–:: कार्यालय आदेश ::–

अन्वेषक (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा–2019

बोर्ड द्वारा कृषि विभाग,राजस्थान के लिए अन्वेषक(कृषि) सीधी भर्ती–2019 में दिनांक 27.12.2020 को परीक्षा आयोजित करवाई गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 16.06.2021 को एवं संशोधित परिणाम दिनांक 22.06.2021 को जारी कर श्रेणीवार रिक्त पदों के विरूद्ध 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया गया था। इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को दिनांक 05.07.2021 व 06.07.2021 को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान(SIAM), दुर्गापुरा, जयपुर– 302018 पर पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। उक्त दिनांक को अनुपस्थित रहे इन अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु एक और अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अनुपस्थित रहे निम्नलिखित रोल नम्बर वाले अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 23.08.2021 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर– 302018** पर निर्धारित समय एवं स्थान पर पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। इसके उपरांत कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का सूची से अस्थाई चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

पद का नाम	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर	दिनांक एवं समय
अन्वेषक (कृषि) (NTSP)	902172 909664 912287 921163 927389	23.08.2021 10.00 AM

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं अन्वेषक(कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा–2019 के लिये दिनांक 22.01.2019 को जारी विज्ञापन संख्या 02/2019 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटो प्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देशएवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
6. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा उन्होनें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा करवाये है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता की जांच एवं दस्तावेज के सत्यापन के समय आवश्यक रूप से लेकर आवें।

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

भीम BhIM भारत इंटरफेस मिशन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

7. कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (COVID-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होवे।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष